[ 12/7/2024]

अतारांकित प्रश्न सं. [ क्र. 2939 ]

परिशिष्ट "अ"

1 विभाग द्वारा बैंक ऋण एवं अनुदान पर बकरी ईकाई (10+1) प्रदाय योजना संचालित है । योजना की लागत राशि रु 77456 है। जिसमें सामान्य वर्ग हेतु अनुदान 40 प्रतिशत राशि रू 30982 एवं अ.ज.जा /अ.जा वर्ग हेतु 60 प्रतिशत अनुदान राशि रू 46474 एवं हितग्राही अंश 10 प्रतिशत अंशदान शेष राशि बैंक ऋण है।

2 केन्द्र सरकार द्वारा बकरी पालन हेतु ऋण एवं अनुदान पर राष्ट्रीय पशुधन मिशन - उद्यमिता विकास कार्यक्रम अंतर्गत 100+5, 200+10, 300+15, 400+20, 500+25 की बकरी पालन की योजना संचालित है। योजना अंतर्गत इच्छुक हितग्राहियों/उद्यमियों को बैंकों से ऋण उपलब्ध कराते हुए 50 प्रतिशत केपिटल सब्सिडी दिए जाने का प्रावधान है । यह अनुदान राशि उद्यमियों को समान 2 किस्तों में प्रदाय की जाती है। अनुदान की पहली किस्त बैंक द्वारा स्वीकृत ऋण की 25 प्रतिशत राशि हितग्राही को उपलब्ध कराने पर तथा दूसरी किस्त परियोजना पूर्ण होने पर भारत सरकार द्वारा सिडबी बैंक के माध्यम से सीधे ऋणदाता बैंक को उपलब्ध कराई जाती है जो नियमानुसार 15 दिवस के अंदर हितग्राही के खाते में हस्तांतरित की दी जाती है ।

योजना का लाभ लेने हेतु हितग्राही को nlm.udyamimitra.in पोर्टल द्वारा ऑनलाइन आवेदन करना होता है। योजना में स्व वित्त पोषण की भी व्यवस्था है जिसमें हितग्राही को परियोजना के बुनियादी ढांचे के लिए लागत का 25 प्रतिशत खर्च किया जाना आवश्यक है तथा 50 प्रतिशत् अनुदान राशि को छोडकर परियोजना की शेष लागत के लिए 3 साल के लिए वैद्य अनुसूचित बैंक से बैंक गारंटी प्रदान करना आवश्यक है। हितग्राही के पास स्वयं की/लीज की भूमि, के.वाई.सी. डॉक्यूमेंट, अनुभव/प्रशिक्षण प्रमाण पत्र तथा बैंक की सहमति होना अनिवार्य है। बकरी पालन हेतु मापदण्ड निम्नानुसार है-

| क्र | इकाई (बकरी + बकरा) | भूमि की आवश्यकता (एकड में) | अधिकतम अनुदान राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 100+5 | 1 | 10 |
| 2 | 200+10 | 2 | 20 |
| 3 | 300+15 | 3 | 30 |
| 4 | 400+20 | 4 | 40 |
| 5 | 500+25 | 5 | 50 |

संयुक्त संचालक
पशुपालन एवं डेयरी
मध्यप्रदेश

अतारांकित-2939

परिशिष्ट "ब"

वर्ष 2023-24 से प्रश्नांश दिनांक तक राज्य की बकरी पालन योजना तथा केन्द्रीय योजना राष्ट्रीय पशुधन मिशन योजना में खरगौन जिले की विधानसभावार जानकारी निम्ननानुसार है-

| क्र० | विधानसभा | प्राप्त आवेदन | | स्वीकृत आवेदन | | अस्वीकृत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | राज्य की 10 + 1 योजना | केन्द्र की एन.एल.एम योजना | राज्य की 10 + 1 योजना | केन्द्र की एन.एल.एम योजना | राज्य की 10 + 1 योजना | केन्द्र की एन.एल.एम योजना |
| 1 | बडवाह | 3 | 02 | 3 | - | 1 | 2 |
| 2 | खरगोन | 8 | 20 | 6 | 03 | 2 | 17 |
| 3 | भीकनगांव | 3 | 02 | 2 | - | 1 | 2 |
| 4 | भगवानपुरा | 1 | 03 | 1 | - | 0 | 3 |
| 5 | महेश्वर | 5 | 5 | 1 | - | 4 | 5 |
| 6 | क़सरावद | 1 | 4 | 1 | - | 0 | 4 |
| योग | | 21 | 36 | 14 | 3 | 8 | 33 |

संयुक्त संचालक
पशुपालन एवं डेयरी
मध्यप्रदेश